कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, मधेपुरा।

पत्रांक– 1209

प्रेषक,

ई0 जीशान कादिर,
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, मधेपुरा।

सेवा में,

श्री मणिकान्त कुमार
आनंद बिहार वार्ड नं0–03
मधेपुरा।

दिनांक– 7/X/26

विषयः– Construction of the District Registry Office Building in Madhepura (including electrification) कार्य को अनावश्यक रूप से लंबित रखने के कारण डिबार करने के संबंध में।

प्रसंगः– (1) एकरारनामा संख्या–01 SBD/2022-23
(2) कार्यादेश पत्रांक–1584 दिनांक–01.11.2022
(3) इस कार्यालय का पत्रांक–517 दिनांक–8.07.2026
(4) इस कार्यालय का पत्रांक–741 दिनांक–5.8.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि Construction of the District Registry Office Building in Madhepura (including electrification) का एकरारनामा सं0–**01**SBD/2022-23 है। उक्त एकरारनामा में अंकित कार्य प्रारंभ की तिथि–01.11.2022 है एवं कार्य समाप्ति की तिथि–31.10.2023 है, जो समाप्त हो चुका है। प्रासंगिक पत्रों एवं मौखिक रूप से भी आपको योजना से संबंधित वर्क प्रोग्राम शपथ पत्र के माध्यम से उपलब्ध कराने एवं कार्य को युद्व स्तर पर पूर्ण करने हेतु समय समय पर निर्देश दिया गया है, परन्तु आज दिनांक तक इस कार्यालय में आपके द्वारा योजना का वर्क प्रोग्राम समर्पित नही किया गया, साथ ही वर्तमान में कार्य बंद पाया गया है, जो काफी खेदजनक है।

अतः विषयांकित योजना के निर्माण कार्य ससमय पूर्ण नही किए जाने के कारण उक्त कार्य की समाप्ति तक आपको अगले निविदा में भाग लेने से डिबार किया जाता है। साथ ही आपको निदेशित किया जाता है कि उक्त कार्य को दिनांक 31.10.2026 तक पूर्ण कर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करना सुनिश्चित करें अन्यथा बाध्य होकर आपके एकरारनामा को विखंडित कर दण्डात्मक कार्रवाई एवं कालीकृत करने की अनुशंसा कर दी जाएगी,जिसका जिम्मेवार आप स्वंय होगे।

विश्वासभाजन

07/10/26

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, मधेपुरा।

07/10/26

ज्ञापांकः– 1209 दिनांकः– 7/X/26

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

प्रतिलिपिः–मुख्य अभियंता (उ0) भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

प्रतिलिपिः–अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, सहरसा/निदेशक–सह–मूल्यांकन–सह–कय कोषांग, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

07/10/26

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, मधेपुरा।

07/10/26.